E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

# आकर्षक रांगोली निर्माण ने रतलाम को प्रदेश और देश में दिलाई अलग पहचान

## क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी, यही हमारी है ड्रीम सिटी




**स्वच्छ वातावरण** में रहने से मन में अच्छे विचार और स्वभाव बेहतर रहता है, जबकि हमारे आसपास होने वाली गंदगी से हमारीआत्मा भी मलिन होती है और आत्मा के मलिन होने से सिर्फ नकारात्मकता के भावही आते है।ऐसे में हमे अपने घरों से निकला कचराअलग–अलग डस्टबीनों में एकत्र करना है और इसका निपटान कचरा संग्रहण वाहन में करना है।इससे लोगों के घर के साथ ही उनके आसपास का वातावरण भी स्वच्छ और सुंदर बना रहेगा।रविवार को महलवाड़ा और हनुमान ताल सहित शहर आधा दर्जनइलाकों मेरांगोली निर्माण कर दीपदान करते हुए अनेक लोगों का यही संदेश सफाई मित्र समूह के सदस्यों ने दिया है।

## सफाई मित्र समूह रांगोली के माध्यम से दिया स्वच्छता संदेश

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के मार्ग दर्शन में शहर की सडक हो या कालोनी, मोहल्ले के नुक्कड़ और चौराहे हो, सार्वजनिक स्थलों तालाब हो या नाले हो हर तरफ सफाई रखने का प्रयास नगर निगम प्रशासन कर ही रहा है, और अब नागरिक भी इस और ध्यान देकर रतलाम नगर को स्वच्छता की दौड़ में **नम्बर–1** बनाने का प्रयास शुरु कर चुकें है। रविवार को सफाई मित्र समूह के सदस्यों ने नगर के आधा दर्जन स्थानों पर आकर्षक रांगोली बना कर क्षेत्रीय रहवासियों से आव्हान किया है कि स्वच्छता प्रदान करने में अपना सहयोग देगे। शहर कें विभिन्न इलाको से हटाए गए अस्थायी कचरा स्थलों पर सफाई मित्र समूह के सदस्यों ने आकर्षक रांगोली सजाकर जब क्षेत्र के लोगो का स्वच्छता का संदेश देकर शपथ दिलाई तो यहां मौजूद हर बच्चे से लेकर बुजुगो तक का कहना था कि हमे अपने घर की सफाई के साथ ही आसपास के स्थानों को भी स्वच्छ रखने में मदद करना चाहिए।






E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिका निगम

## रांगोली के साथ स्वच्छता का संदेश सकारात्मक भाव जागृत कर रहे है- कलेक्टर

खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किए जा रहा है। नगर निगम ने शहर के ऐसे कचरा प्वाइंट खत्म किए है, जहां पर लोग खुले में कचरा फेंकते है। इन प्वाइंटों को खत्म कर नगर निगम द्वारा वहां पर स्वच्छता का संदेश देने वाली **रंगोली** बनाई है। ताकि खुले में कचरा डालने वाले यह संदेश देख यहां पर कूड़ा न डाले। निगम की इस पहल को बुद्धिजीवियों ने भी सराहा है और उनका मानना है कि जहां कचरा स्थल हटाए गए है



वहां **दौबारा गंदगी** न हो इसके लिए नागरिकों को भी आगे आना होगा। नगर निगम आयुक्त **श्री सोमनाथ झारिया** के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## स्वच्छता हमे साफ पर्यावरण, स्वच्छ वातावरण और शुध्द वायु प्रदान करती है।



रतलाम नगर निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अन्य जल स्त्रोत हैण्ड पम्प, नलकूप आदि के आसपास सफाई करवाकर रांगोली बनाये जाने का कार्य निगम के जलप्रदाय विभाग द्वारा **01 नवम्बर** से प्रारंभ कर दिया गया हजिसके तहत दीनदयाल नगर ई सेक्टर में भेरूजी के मंदिर के पास व एच सेक्टर में लॉण्ड्री की दुकान के पास वाले नलकूप के आसपास निगम कर्मचारियों ने रांगोली बनाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया गया।



**सफाई मित्र समूह ने कुंए–**

बावडियों के समीप रांगोली बना कर दिया स्वच्छता का संदेश स्वच्छता बनाये रखने हेतु नलकूपों पर भी बनाई रांगोली द्य किसी समय शहर सीमा में अनेक कुंए–बावडियां हुआ करते थे जिनके माध्यम से लोग अपनी जरुरत के हिसाब से पानी की पूर्ति किया करते थे, मगर आज ये प्राचीन जल स्त्रोत नष्ट होते जा रहे है या लोगों ने इन्हे कचरा स्थल बना रखा है। नगर निगम ने स्वच्छ शहर–सुंदर शहर अभियान के तहत ऐसे ही कुंए और बावडियों को भी गंदगी से मुक्त करने का प्रयास शुरु किया है।







कचरा पांईटों पर गंदगी न हो, इसके लिए आगे आए जनता कचरा स्थल खत्म कर नगर निगम ने बनवा रहा है रंगोली, स्वच्छता का दिया जा रहा है जैस भोजन ,पानी अहक्सीजन और अन्य चीजें हमारे अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है वैसे ही हमारे सस्वस्थ शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए स्वच्छता भी महत्वपूर्ण है।

रंगोली में स्वच्छ रतलाम, सुंदर रतलाम, एक कदम स्वच्छता की ओर, स्वच्छता अपनाओं, अपने रतलाम को सुंदर बनाओं, विकसित शहर की हो कल्पना, अब हमें है स्वच्छ बनना, घर–समाज को रखो साफ, भविष्य नहीं करेगा वरना माफ, तभी आएगा नया सवेरा, जब होगा साफ–सुथरा शहर हमारा आदि स्लोगन बनाकर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

## स्वच्छता दर्शाती है कि हम अपने जीवन में अनुशासित है

स्वच्छ,स्वस्थ और सुंदर शहर की परिकल्पना तभी की जा सकती है जब सब मिलकर इसमें सहयोग करें जिससे शहर, गलियां, नालियां साफ–सुधरी की जा सकें जिससे बीमारी फैलने का खतरा कम हो और गंदगी की वजह से फैलने वाली बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया, डायरिया, महामारी समेत कई बीमारियों से बचा जा सके।





मुख्यमंत्री ने कहा कि रांगोली निर्माण सहित रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक जुड़ेगा और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया जायेगा ।



स्वस्थ, सुखी और शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए हम सभी को जीवन के हर पहलू में स्वच्छ आदतों का अभ्यास करना चाहिए



स्वच्छता सिर्फ हमारे लिए ही महत्वपूर्ण नही है अपितु हमारे आस–पास रहने वाले व्यक्ति, पशु–पक्षी, जानवरों के लिए भी महत्वपूर्ण है।